Regarding Train services in Bijnoor Parliamentary Constituency

श्री चंदन चौहान **(बिजनौर) :** सभापति महोदय, मैं 60 सैकेंड में ही अपनी बात खत्म करने का काम करूंगा । आदरणीय मंत्री रवनीत बिट्टू जी यहां मौजूद हैं, मैं उन्हें देख कर अपने लोक सभा क्षेत्र बिजनौर की रेलवे संबंधी समस्या का जिक्र करना चाहूंगा । जो रोहाना कला, पुरकाजी विधान सभा क्षेत्र है, वहां पर दिल्ली-अंबाला, हरिद्वार-दिल्ली और साबरमती-ऋषिकेश ट्रेन कोरोना काल से पहले चला करती थी । आज रोहाना कला में लाखों लोगों की आबादी है, वहां ठहराव न होने के कारण मान्यवर बड़ी दिक्कत आ रही है । साथ ही, हमारा एक चंदक रेलवे स्टेशन, बिजनौर विधान सभा के अंदर है, वहां कोरोना काल से ट्रेन नंबर 13152 और 54251 का ठहराव भी बंद हो गया है ।

माननीय सभापति **:** आप लिख कर मंत्री जी को दे दीजिए ।